हरिभूमि

# भिवानी-दादरी भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 9 मई, 2025

11 शतकवीर डूडेजा ने 133वीं बार व 25 युवाओं ...




12 भीम स्टेडियम के मुक्केबाज लवसिंह ने मारा ...



## खबर संक्षेप

### इंदिरा कैनाल में मिला युवक का शव

**चरखी दादरी।** इंदिरा कैनाल के घिकाड़ा पंप हाउस पर युवक का शव पानी में तैरता हुआ मिला। मृतक युवक की पहचान नहीं हुई। शव लगभग तीन दिन पुराना बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार सिंचाई विभाग के बेलदार नवदीप ने वीरवार को घिकाड़ा पंप हाउस पर एक व्यक्ति को शव तैरता हुआ मिला। बेलदार ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को नहर से बाहर निकाला और सामान्य अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया। जांच अधिकारी ने बताया कि शव नहर में पीछे से बहकर आया है।

### गली में बनाए गए शौचालयों को तोड़ा

**बवानीखेड़ा।** कस्बे के वार्ड नंबर 10 स्थित पुराना डाकखाना के पास महाजन गली में तुलसी चौक में एक गली निवासी ने गली में ही शौचालय का निर्माण किया हुआ था। जिसके चलते आमजन को आने-जाने में भारी परेशानी उठानी पड़ रही थी। इसी से तंग होकर गली वासियों ने इसकी शिकायत नगर पालिका में लिखित रूप से दी।

### क्रिकेट टीम में चयन के लिए ट्रायल 11 को

**भिवानी।** हरियाणा क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता अंडर 23 आयुवर्ग व पटोदी ट्राफी सीनियर वर्ग के लिए भिवानी जिले की क्रिकेट टीम चयन ट्रायल का आयोजन 11 मई रविवार को सुबह 8 बजे बाल भवन पब्लिक स्कूल में किया जाएगा। क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अशोक भारद्वाज ने बताया कि इच्छुक खिलाड़ी अपना जन्म प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड व एक फोटो सहित पूर्व जिला खेल अधिकारी दर्शन कुमार मिड्ढा को बाल भवन पब्लिक स्कूल में रिपोर्ट करें।

### निगरानी समिति ने की ऑनलाइन बैठक

**भिवानी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एंव मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी पवन कुमार की अध्यक्षता में स्थानीय एडीआर सेंटर में हिट एंड रन मोटर दुर्घटना योजना-2022 पर गठित निगरानी समिति की ऑनलाइन बैठक हुई। इस ऑनलाइन बैठक में समिति संबंधित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। सीजेएम पवन कुमार ने हिट एंड रन मोटर दुर्घटनाओं के मामलों की विस्तार से समीक्षा की।

### गुरु रविदास जनकल्याण समिति प्रधान बने रविंद्र

**भिवानी।** गुरू रविदास जनकल्याण समिति की बैठक राजीव कॉलोनी गुजरानी रोड स्थित आंबेडकर भवन में संपन्न हुई। बैठक में समिति की चुनाव प्रक्रिया का आयोजन किया, जिसमें सर्वसहमति से नई कार्यकारिणी का गठन किया। बैठक में रविन्द्र कुमार ठेकेदार को प्रधान, ज्ञानसिंह को महासचिव, रोहताश सिंह को उपप्रधान, आरएस ग्रेवाल को मुख्य सलाहकार, सुखबीर सिंह आलड़िया को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया। वहीं एडवोकेट अरविंद कुमार सिंगला को संयुक्त सचिव, डीके आर्य को संगठन सचिव, एडवोकेट नरेन्द्र कुमार को कानूनी सलाहकार, महेन्द्र सिंह भुक्कल को ऑडिटर, उमेद सिंह को प्रेस सचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी।

### शिकायतों को गंभीरता से लें अधिकारीः एसडीएम

**लोहारू।** एसडीएम मनोज दलाल ने कहा कि सभी विभागों के अधिकारी जनता की शिकायतों को प्रथम चरण में ही गंभीरता से लेकर निदान करें। समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों पर अधिकारी स्वयं संज्ञान लें। एसडीएम मनोज दलाल गुरुवार को स्थानीय लघु सचिवालय परिसर में आयोजित समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे।

## मांग पूरी नहीं होने पर आशा वर्कर्स ने किया प्रदर्शन

# बकाया वेतन देने की मांग सचिवालय में गरजीं आशा




**भिवानी।** मांगों को लेकर नारेबाजी करती आशा वर्कर। *फोटो: हरिभूमि*

### यूनियन राज्य उपाध्यक्ष कमलेश भैरवी बोली-आशा वर्कर्स को भारी शोषण से गुजरना पड़ रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

आशा वर्कर्स यूनियन हरियाणा के आह्वान पर बकाया वेतन एवं आशा वर्कर्स को एएनएम द्वारा प्रताड़ित करने के खिलाफ भिवानी व दादरी की आशा कर्मियों ने उपायुक्त कार्यालय भिवानी पर रोष प्रदर्शन किया। आज के रोष धरने की सयुक्त अध्यक्षता सुमन, सुमन, रितू, परगी, दर्शना, प्रेमपति ने की व मंच संचालन यूनियन भिवानी जिला सचिव सुशीला सरोहा ने किया। धरने के बाद जिला उपायुक्त के मार्फत मिशन निदेशक को ज्ञापन भेजा गया व लोहारू की आशाओं को एएनएम द्वारा प्रताड़ित करने की जांच करने व दोषी अधिकारियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने की मांग की। आज के रोष धरने को संबोधित करते हुए व यूनियन राज्य उपाध्यक्ष कमलेश भैरवी ने कहा कि आज आये दिन आशा कर्मियों को भारी शोषण से गुजरना पड रहा है। लोहारू व बहादुरगढ़ में एएनएम द्वारा आशा कर्मियों को प्रताड़ित करने के मामले सामने आए है। इसके इलावा आशा कर्मियों की कई कई महीने का मानदेय बकाया है। आशा कर्मियों को प्रताड़ना की शिकायत तमाम अधिकारियों को किये जाने के बावजूद इनका समय रहते निपटाया नही जा रहा हैं जिसके चलते आशा कर्मीयों को भारी परेशानियों से गुजरना पड़ रहा है। इनका समय रहते समाधान नहीं किया गया तो भिवानी दादरी की तमाम आशा कर्मी अनिश्चितकालीन आंदोलन के लिए मजबूर होंगी।

#### 26000 रुपए न्यूनतम वेतन लागू करने की मांग

सीटू जिला सचिव अनिल कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि देश की मौजूदा नीतियों के चलते जनता के सभी हिस्सों का शोषण तेज हो गया हैं। सरकार ना केवल महंगाई व बेरोजगारी को रोकने में नाकाम रही हैं। वही दूसरी ओर अपने चहेते कोरपोरेट घरानों को फायदा पहुंचाया जा रहा हैं। देश की सभी ट्रेड यूनियनों व कर्मचारी संगठनों ने सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ व 26000 रुपए न्यूनतम वेतन लागू करने, कच्चे कर्मचारियों, परियोजना कर्मियों को पक्का करने, लेबर कोड रद्द करने, निजीकरण पर रोक लगाने, महंगाई, बेरोजगाई को खत्म करने समेत अन्य मुद्दों को लेकर होने वाली 20 मई की देशव्यापी हड़ताल में प्रदेश की तमाम आशा कर्मी शामिल होंगी। आज के रोष धरने को सीटू नेता सुखदेव पालवास, किसान नेता कॉमरेड ओमप्रकाश, व यूनियन नेत्री पिंकी, कृष्णा, कमलेश, चन्द्रमुखी, सीमा, भतेरी, अनीता, शकुंतला, सुमन आदि भी शामिल रही।

# सांगा में विद्यार्थियों को साइबर अपराधों के बारें किया जागरूक

- बड़े मीडिया प्लेटफॉर्म का सावधानी और सतर्कता से प्रयोग करें: विष्णु कुमार

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी



**भिवानी।** गांव सांगा के स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित बच्चे।

जागरूकता अभियान के दौरान एच एन मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सांगा में थाना साइबर क्राइम भिवानी के विष्णु कुमार ने बतलाया कि आज के समय साइबर अपराध चरम पर है आए दिन नए-नए तरीकों से लोगों को ठगा जा रहा है। इन्हें रोकने के लिए जागरूक होने की जरूरत है। सभी को समझना होगा कि साइबर अपराध करने वाले लोग बडे ही चालाक किस्म के हैं जिनसे सभी को बचना होगा।

वैसे जिला भिवानी में साइबर क्राइम थाना, साइबर सैल जो लगातार इस दिशा में काम कर रही है। इसके लिए बड़े सोशल प्लेटफॉर्म को सावधानी और सतर्कता के साथ प्रयोग करना जरूरी है। आज जिस तरह से अपराधियों के द्वारा साइबर अपराध को अपराध का एक सशक्त माध्यम बनाकर प्रयोग किया जा रहा है। उससे बचने के लिए छात्रों को स्वयं जागरूक होकर दूसरों को भी जागरूक करना होगा। उन्होंने साइबर क्राइम संबंधित संचार साथी पोर्टल तथा टेफको पोर्टल के बारे में भी बताया जिसमें अपना फोन नंबर इंटर करके यह पता लगाया जा सकता है कि एक आदमी के नाम से कितने सिम जारी हुई अगर कोई सिम आपने जारी नहीं करवाई है तो आप उसको उक्त पोर्टल पर रिपोर्ट करके बंद करवा सकते हैं। इंटरनेट बैंकिंग, ऑनलाइन फ्राड, वालेट और यूपीआई संबंधित धोखाधड़ी से बचना चाहिए। साइबर विशेषज्ञ ने आधार इनेबल्ड पेमेंट सिस्टम ऑनलाइन वित्तीय ठगी से बचाव, फेसबुक हैकिंग, बारकोड के माध्यम से होने वाले फ्रॉड, व्हाट्सएप हैकिंग से बचाव, फर्जी वेबसाइट से होने वाले फ्रॉड के संबंध में सावधानियां बरतने की सलाह दी। फेसबुक, इंस्ट्राग्राम, व्हाट्सएप आदि सोशल साइट्स से हनी ट्रैप के संबंध में स्टाफ एवं छात्राओं को जागरूक रहने के लिए कहा गया।

## पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक करें आवेदन

- चयनित बच्चों को राष्ट्रपति द्वारा किया जाएगा पुरस्कृत
- 26 दिसंबर 2025 को राष्ट्रीय वीर बाल दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

महिला एवं बाल विकास विभाग भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। इनमें राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के तहत बहादुरी, खेलकूद, सोशल साइंस, विज्ञान एवं तकनीक पर्यावरण सहित आर्ट एवं कल्चर के क्षेत्र में असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाले बच्चे जिनकी आयु 31 जुलाई को 5 वर्ष से लेकर 18 वर्ष तक हो, को वर्ष 2026 के जनवरी माह में आयोजित होने वाले समारोह में राष्ट्रीय द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अवार्ड की घोषणा 26 दिसंबर 2025 को राष्ट्रीय वीर बाल दिवस के अवसर पर की जाएगी।

उपायुक्त मुनीश शर्मा ने इस बारे में बताया कि बाल पुरस्कार में विभिन्न श्रेणियों के तहत कुल 25 बच्चों का चयन किया जाएगा। पुरस्कारों में एक मैडल सहित प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने चयन प्रक्रिया की जानकारी देते हुए बताया कि सर्वप्रथम स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा प्राप्त आवेदनों की छंटनी की जाएगी उसके उपरांत फाइनल नामों का सिलेक्शन नेशनल कमेटी द्वारा किया जाएगा।

### विधवा सेल की ऑनलाइन समीक्षा बैठक आयोजित

**भिवानी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एंव मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी पवन कुमार की अध्यक्षता में विडो सेल की ऑनलाइन मासिक समीक्षा बैठक आयोजन हुई। बैठक में सीजेएम पवन कुमार ने संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। सीजेएम ने निर्देश दिए कि विडो सेल की मदद से महिलाओं के जीवन स्तर को सुधारने का प्रयास किया जाए। सरकार द्वारा विधवा महिलाओं के कल्याण के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिसमें पेंशन संबंधी, लोन संबंधित योजनाएं प्रमुख रूप से शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं का लाभ विधवा महिलाओं को मिलना जरूरी है।

# विश्व रेडक्रॉस दिवस मनाया

- सालों से समाज सेवा तथा जनहित के कार्यों के साथ अपना अहम योगदान दे रही रेडक्रॉस

हरिभूमि न्यूज ⏭तोशाम



**तोशाम।** पानी बचाने की शपथ दिलाते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ द्वारा तोशाम में संचालित आरसीआईटी कंप्यूटर इंस्टीट्यूट तथा प्रूडेंस लाइब्रेरी के संयुक्त तत्वाधान में गुरुवार को विश्व रेडक्रॉस दिवस के मौके पर रेडक्रॉस संस्थापक हेनरी ड्यूनेन्ट की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई।

इस दौरान संस्था के उपस्थित विद्यार्थियों ने हेनरी ड्यूनेन्ट को नमन किया। वहीं उपस्थित विद्यार्थियों ने जल बचाने का भी संकल्प लिया और जल है तो कल है आदि नारों के साथ अन्य लोगों को भी जागरूक किया। इस मौके पर इंस्टीट्यूट संचालक डॉक्टर विष्णु दत्त शास्त्री ने उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नोबल शांति पुरस्कार के पहले प्राप्तकर्ता हेनरी ड्यूनेन्ट ने रेडक्रॉस एक ऐसी संस्था की स्थापना की जोकि सालों साल से समाज सेवा, मानव सेवा तथा जनहित के सैंकड़ों कार्यों में अपना अहम योगदान दे रही है। यह रेडक्रॉस सोसायटी कई दशकों से विश्व के लगभग सभी देशों में अपना अहम योगदान दे रही है। डॉक्टर विष्णु दत्त शास्त्री ने बताया कि 8 मई के दिन हेनरी ड्यूनेन्ट का जन्म हुआ था इसलिए प्रत्येक वर्ष उनका जन्मदिवस 8 मई को विश्व रेडक्रॉस दिवस के रूप में मनाया जाता है। तोशाम के रेडक्रॉस कंप्यूटर इंस्टीट्यूट में सभी विद्यार्थियों ने रेडक्रॉस संस्थापक हेनरी ड्यूनेन्ट श्रद्धांजलि दी।

# लोहारू में 7:50 बजे 20 मिनट ब्लैकआउट

- युद्ध जैसे हालातों से निपटने के लिए प्रशासन अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭लोहारू



**लोहारू।** ब्लैक आउट के दौरान चौ देवीलाल चौक पर मुस्तैद पुलिस प्रशासन की टीम।

भारतीय सेनाओं द्वारा पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर हमला किए जाने के बाद पैदा हुए युद्ध जैसे हालातों से निपटने के लिए बीती देर सायं 7 बजकर 50 मिनट से 8 बजकर 10 मिनट पर ब्लैक आउट हुआ और पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद दिखाई दिया।

शहर के लोगों ने ब्लैक आउट का हिस्सा बनते हुए अपने घरों की लाइटें 20 मिनट तक बंद रखी। वहीं दूसरी ओर चौ देवीलाल चौक पर पुलिस टीम और दमकल की गाडिय़ां मौके पर मुस्तैद दिखाई दी। बता दें पहलगाम आंतकी हमले का बदला लेते हुए सात मई को भारतीय सेनाओं द्वारा पाकिस्तान में घुसकर आतंकी ठिकानों पर किए हमले की शहर के लोगों ने सराहना की है। लोगों ने ऑपरेशन सिंदुर का समर्थन किया तथा कहा कि भारत की जनता पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध में भारी देश के सैनिकों के साथ कंधे से कंधा लगाकर खड़ी है। पूरा देश की सेनाओं पर गर्व महसूस कर रहा है। सरकार और प्रशासन के आह्वान पर बीती देर सांय सात बजकर 50 मिनट पर किए ब्लैक आउट में लोहारू शहर के लोगों ने समर्थन किया और प्रशासन के साथ खड़े दिखाई दिए।

#### लोगों को देश के हालातों से अवगत करवाया

इस दौरान पूरे शहर में अंधेरा छा गया और वाहन भी एक बारगी तो सडकों पर ठहर गए, जिसकारण पुलिस प्रशासन को काफी मशक्कत के बाद उनके रूट डायवर्ट कर उन्हें आगे बढ़ाया। इससे पहले सांय को एसडीएम दलाल ने बस स्टेंड परिसर में लोगों को देश के हालातों से अवगत करवाया और बताया कि युद्ध जैसे हालात पैदा होते हैं तो ऐसे में आम नागरिक की देश के प्रति क्या जिम्मेदारियां बनती हैं, उन जिम्मेदारियों के बारे में अवगत करवाया।

# विमान हादसे में मृत व्यक्ति का किया अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी



मृतक गोविंद।

- प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया प्लेन ने मंडी के उपर से लगाए चक्कर, फिर दुर्घटनाग्रस्त होकर गिरा

पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक के दौरान बठिंडा में हुए विमान हादसे में मृतक श्रमिक गोविंदा का शव वीरवार को दादरी पहुंचा। गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया। वहीं हादसे के प्रत्यक्षदर्शियों ने उस रात के घटनाक्रम की जानकारी दी। ज्ञात रहे कि मंगलवार रात को भारतीय सेना ने पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर हवाई हमला किया था। हमले के दौरान बठिंडा में एक लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त होकर गिर गया था।

हादसे में दादरी निवासी श्रमिक गोविंद की मौत हो गई थी। प्रत्यक्षदर्शी संदीप ने बताया कि वह भी गोविंद के साथ भठिंडा मंडी में मजदूरी के लिए गया था, वो सब मंडी के समीप ही झुग्गी डालकर रहते थे। मंगलवार रात वे सब खाना खाने के बाद सो रहे थे। रात करीब डेढ़ बजे एक एयर प्लेन मंडी के उपर चक्कर लगाने लगा। तेज आवाज के कारण सबकी नींद खुल गई, उनको लगा कि अनाजमंडी में प्लेन गिरेगा। डर के कारण सभी मजदूर इधर उधर भागने लगे। कुछ देर बाद मंडी से कुछ मीटर दूर ही प्लेन खेतों में गिर गया। वो सब देखने के लिए दौड़ पड़े, उसी दौरान तेज धमका हुआ हुआ और प्लेन का मलबा दूर तक गिरा।

## ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी पर जताई खुशी

# आम नागरिक में भी देश के प्रति बढ़ा जज्बा

- ऑपरेशन सिंदूर से भारतीय सेना ने भी पाकिस्तान का जीना दुभर कर दिया।

हरिभूमि न्यूज ⏭बवानीखेड़ा

पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा हमला करके धर्मपूछकर बहुत बड़ी घटना को अंजाम दिया तो वहीं ऑपरेशन सिंदूर से भारतीय सेना ने भी पाकिस्तान का जीना दुभर कर दिया। इस सफल ऑपरेशन से जहां सेनाओं के हौंसले बढ़े वहीं आम नागरिक में भी देश के प्रति जज्बा बढ़ा।

#### आतंकवादियों पर पूरी नजरः बसंती देवी



वार्ड पार्षद बसंती देवी ने बताया कि भारत ने 6 मई की रात 1:05 बजे पाकिस्तान और एलओसी में एयर स्ट्राइक की थी। इसमें 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया, जिसमें 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए। हमले में आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद चीफ मौलाना मसूद अजहर के परिवार के 10 सदस्य और 4 सहयोगी मारे गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के लिए तीनों सेनाओं की तारीफ की।

#### आतंकी हमला करने से पहले सौ बार सेचेंगेः कमल देवी



पूर्व नपा चेयरपर्सन एवं मौजूदा चेयरमैन की धर्मपत्नी कमल देवी ने बताया कि पाकिस्तान ने गुरुवार को लगातार दूसरी रात जम्मू-कश्मीर के चार इलाकों में गोलाबारी की। इसमें कुपवाड़ा, बारामूला, उरी और अखनूर शामिल हैं। भारतीय सेना ने भी जवाबी कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि आतंकी भारत पर हमला करने से पहले सौ बार सोचेंगे। भारतीय सेना कमजोर नहीं है।

#### ऑपरेशन सिंदूर में महिलाओं के हाथ कमानः संतोष देवी



विधायक कपूर वाल्मीकि की पत्नी संतोष देवी ने बताया कि जिस प्रकार से ऑपरेशन सिंदूर की जिम्मेवारी आर्मी कर्नल सोफिया कुरैशी व भारतीय वायुसेना विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने संभाली और मिशन को कामयाब किया इससे पीड़ति महिलाओं की पीड़ा पर कुछ मरहम लगा।

#### सिंदूर ऑपरेशन ने तोड़ी आतंकवाद की कमरः जंगबीर सिंह



**भिवानी।** जम्मू कश्मीर के पहलगांव घाटी में आतंकवादियों द्वारा हमला कर निर्दोष लोगों की जान लेने के मामले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्र सरकार व भारतीय सेना ने सिंदूर ऑपरेशन चलाकर आतंकवाद को करारा जवाब दिया है। यह बात पूर्व सैनिक व पूर्व सांसद चौ. जंगबीर सिंह ने आतंकवाद पर किए गए हमले की सराहना करते हुए कही। उन्होंने कहा कि वे पूर्व सांसद होने के साथ-साथ पूर्व सैनिक भी हैं अगर देश को जरूरत पड़ी तो वे देश सेवा के लिए हमेशा तैयार रहेंगे। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ सभी राजनीतिक पार्टियों, सामाजिक संगठनों को एकजुट होकर प्रधानमंत्री का तन-मन-धन से साथ देना चाहिए।

#### भारतीय सेना एक्शन मोड मेंः सुमित्रा देवी



वार्ड पार्षद सुमित्रा देवी ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के 24 घंटे के बाद बुधवार-गुरुवार की आधी रात अमृतसर और जालंधर में धमाकों की आवाज सुनाई दी। अमृतसर में रात 1 बजकर 2 मिनट से लेकर 1 बजकर 9 मिनट के बीच छह धमाकों की आवाजें सुनी गईं। भारतीय सेना भी एक्शन मोड में आ चुकी है। आर्मी कर्नल सोफिया कुरैशी व भारतीय वायुसेना विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने जिस प्रकार की जिम्मेवारी निभाई है उससे देश की महिलाओं का सीना भी गर्व से चौड़ा हो गया।

## खबर संक्षेप



### लिटिल हार्टस कॉन्वेन्ट में मातृ-दिवस मनाया

**भिवानी।** लिटल हार्टस कॉन्वेन्ट स्कूल में मदर्स-डे पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया। विद्यालय के एमडी. पवन गोयल व भावना गोयल ने बताया कि इस अवसर पर विभिन्न कक्षाओं में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया, जिनमे से प्ले ग्रुप के बच्चों की ग्रिटिंग मेकिंग गतिविधियां व पूल-पार्टी मुख्य रही। बच्चों ने बढ़-चढ़कर बड़े उत्साह के साथ हिस्सा लिया व सभी बच्चों ने अपने-अपने हैंडस-इम्प्रेशन छापते हुए अपनी माताओं के लिए मातृ-दिवस से संबंधित ग्रीटिंग कार्डस बनाएं।

### ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से देश में जोश

**तोशाम।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से जहां पूरा देश गौरवान्वित है। वहीं, सीमा पर कभी तैनात रहे पूर्व सैनिकों में भी गजब उत्साह भर गया है। कई वर्ष देश सेवा में लगाने वाले पूर्व सैनिकों ने एसडीएम डॉ. अशवीर नैन से मुलाकात कर कहा कि देश सेवा के लिए आज भी तैयार हैं। पूर्व सैनिकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम डॉ. अशवीर नैन से उपमंडल परिसर भवन में स्थित उनके कार्यालय में मुलाकात की।

### पशुओं को भी हीटवेव से बचाना जरूरी: उपायुक्त

**चरखी दादरी।** सभी पशुपालक अपने पशुधन को हीट-वेव यानी लू अथवा अत्यधिक गर्मी से बचाव को लेकर पशुपालन विभाग की एडवाइजरी का पालन करें। पशुपालन विभाग के अधिकारी पशुपालन की एडवाइजरी के बारे पशु पालकों में जागरूकता लाएं और जिले में गर्मी की लहर की स्थिति पर नजर रखें।

### डीसी ने लघु सचिवालय में रोपित की त्रिवेणी

**भिवानी।** त्रिवेणी देवताओं का वास बताते हैं। बरगद एवं पीपल की आयु हजारों वर्षों की तथा नीम की आयु सैंकड़ों वर्षों की होती है। ऐसे में बरगद, पीपल व नीम हजारों वर्षो तक लोगों को शुद्ध ऑक्सीन देने के साथ-साथ आध्यात्मिकता का केंद्र भी बने रहते हैं। यह बात उपायुक्त महाबीर कौशिक ने स्थानीय लघु सचिवालय परिसर में त्रिवेणी रोपित करने के दौरान कही। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक त्रिवेणी अवश्य लगानी चाहिए।

### बाबा ने लघु सचिवालय में रोपित की त्रिवेणी

**भिवानी।** त्रिवेणी के पेड़ इस विश्वास के कारण पूजनीय है कि इनमें हिंदु देवताओं की त्रिमुर्ति ब्रह्मा, विष्णु और महेश निवास करते है और दिव्य सकारात्मक ऊर्जा से भी जुड़े होते है। बरगद एवं पीपल की आयु हजारों वर्षो की तथा नीम की आयु सैंकड़ों वर्षो की होती है। ऐसे में बरगद, पीपल व नीम हजारों वर्षो तक लोगों को शुद्ध ऑक्सीजन देतें हैं , ये बात उपायुक्त महाबीर कौशिक ने त्रिवेणी रोपित करते हुए कही।

## समाज में रक्तदान को परंपरा के रूप में अपनाने की जरूरत: सीएमओ

# शतकवीर डूडेजा ने 133वीं बार व 25 युवाओं ने किया रक्तदान

### विश्व थैलेसीमिया दिवस पर वीरवार को चौधरी बंसीलाल नागरिक अस्पताल में किया गया शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

विश्व थैलेसीमिया दिवस पर वीरवार को चौधरी बंसीलाल नागरिक अस्पताल में वंशिका फाउंडेशन ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में बतौर मुख्यतिथि सिविल सर्जन डॉ. रघुबीर शांडिल्य एवं विशिष्ट अतिथि के तौर पर शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा ने शिरकत की। शिविर की अध्यक्षता रक्तवीर मनीष वर्मा ने की। शिविर में जहरगिरी आश्रम से बाबा कैलाशगिरी महाराज का सान्निध्य रहा। इस मौके पर शिविर में बाबा कैलाश गिरी महाराज ने रक्तदान किया। शिविर में 25 लोगों ने रक्तदान किया तथा थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों की मदद के लिए हाथ बढ़ाए। सभी रक्तदाताओं को अतिथिगणों ने बैज लगाकर व स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा ने 133वीं बार रक्तदान किया। इसके अलावा मास्टर रामपाल ने 55वीं बार रक्तदान किया। सिविल सर्जन डॉ. रघुबीर शांडिल्य ने कहा कि लोगों को थैलेसीमिया के बारे में जागरूक करते हुए बताया कि ये अनुवांशिक रक्त विकार है, जिसमें मरीजों को नियमित रूप से रक्त चढ़ाने की आवश्यकता होती है। इस बीमारी से पीड़ित बच्चों का जीवन बचाने के लिए सभी लोग समय-सयम पर रक्तदान करें, ताकि पीड़ित बच्चों को समय पर रक्त मिल सकें। सीएमओ ने कहा कि समाज में रक्तदान को परंपरा के रूप में अपनाने की जरूरत है, ताकि जरूरतमंद तक समय पर रक्त पहुंचाकर जीवन बचाया जा सकें।



भिवानी। रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र भेंट करते सिविल सर्जन डॉ. रघुबीर शांडिल्य।

#### समाज में बढ़ेगी जागरूकता

शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा व रक्तवीर मनीष वर्मा ने कहा कि शिविर का मुख्य उद्देश्य थैलेसीमिया से जूझ रहे बच्चों को राहत देने के साथ समाज में जागरूकता और संवेदनशीलता भी पैदा करना हैं, ऐसे शिविर लोगों में जागरूकता भी लाते है, जिससे वे ऐसे शिविरों में भाग लेकर समाज के प्रति अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन करते है। इस मौके पर डॉ. रीटा, डॉ. ज्योति, डॉ. स्नेह, डॉ. रोहित, लेब टेक्नीशियन कृष्णा सांगवान, नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था के संस्थापक सुरेश सैनी, नरेन्द्र शर्मा, इंद्रजीत, मास्टर रामपाल, प्रवीण ढुल्हेड़ी, विकास पालवास आदि ने रक्तदान किया।



भिवानी। रक्तदाताओं को सम्मानित करते डीसी महाबीर कौशिक।

#### बुजुर्गों को सहायक उपकरण और महिलाओं को सेनेटाइज किट वितरित

**भिवानी।** रेडक्रॉस के जन्मदाता एवं महान मानवतावादी हेनरी ड्यूनेंट की जयंती पर आठ मई को दुनियाभर में विश्व रैडक्रॉस दिवस मनाया जाता है। इसी कड़ी में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी राज्य शाखा चंडीगढ़ के निर्देशानुसार जिला रैडक्रॉस सोसायटी ने रैडक्रॉस भवन में वीरवार को विश्व रैडक्रॉस भवन बड़ी धूमधाम से मनाया। इस मौके पर रक्तदान शिविर, पौधरोपण, चित्रकला प्रतियोगिता, बुजुर्गो को सहायक उपकरण, आर्थिक तौर पर कमजोर परिवार की महिलाओं को सेनेटाइज किट वितरित आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि उपायुक्त एवं रैडक्रॉस अध्यक्ष महाबीर कौशिक ने शिरकत की तथा अध्यक्षता सचिव प्रदीप कुमार ने की। सचिव ने मुख्यतिथि का स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरूआत रेडक्रॉस संस्थापक के चित्र पर उपायुक्त ने पुष्प अर्पित करके किया। कार्यक्रम के दौरान रक्तदान शिविर में स्वयंसेवकों एवं फर्स्ट एड स्टूडेंट्स द्वारा रक्तदान किया, जिन्हें अतिथियों ने बैज लगाकर एवं प्रशांसा पत्र देकर सम्मानित किया। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया। उपायुक्त महाबीर कौशिक ने कहा इस दिन का मुख्य उद्देश्य रेडक्रॉस संस्था के मानवतावादी कार्यो के प्रति जागरूकता फैलाना और उसके सिद्धांतों को सम्मान देना है। रैडक्रॉस सचिव प्रदीप कुमार ने कहा कि रेडक्रॉस का मूल उद्देश्य युद्ध, आपदा, या संकट की स्थिति में जरूरतमंदों की मदद करना है, ये दिवस उसी भावना को व्यापक स्तर पर फैलाने का अवसर है।



भिवानी। मांगों को लेकर नारेबाजी करते कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि

## राष्ट्रव्यापी हड़ताल के लिए कसी कमर, सौंपी जिम्मेदारी

- 20 मई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल के लिए आल हरियाणा पॉवर कारपोरेशन वर्कर्ज यूनियन की गेट मीटिंग आयोजित
- कर्मचारियों की बजाए पूंजीपतियों के हित काम करते हुए निजीकरण को बढ़ावा दे रही है सरकार : राज्य उपप्रधान राजेश सांगवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

आगामी 20 मई को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल को सफल बनाने को लेकर वीरवार को रेलवे रोड़ स्थित बिजली बोर्ड प्रांगण में आल हरियाणा पॉवर कारपोरेशन वर्कर्ज यूनियन की गेट मीटिंग का आयोजन किया गया। यह जानकारी सिटी यूनिट के प्रैस प्रवक्ता अभिषेक शर्मा ने देते हुए बताया कि गेट मीटिंग में बतौर मुख्य वक्ता यूनियन के राज्य उपप्रधान राजेश सांगवान बतौर मुख्य वक्ता शामिल हुए तथा अधिक से अधिक कर्मचारियों को राष्ट्रव्यापी आंदोलन में शामिल होकर कर्मचारियों की एकजुटता दिखाकर सरकार पर मांगें पूरी किए जाने का दबाव बनाने का आह्वान किया। गेट मीटिंग की अध्यक्षता सब यूनिट प्रधान एएफएम सतीश ने की।

#### सरकार लगातार कर रही है वादा खिलाफी

कर्मचारियों को संबोधित करते हुए राज्य उपप्रधान राजेश सांगवान ने कहा कि बिजली कर्मचारी पिछले लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर संघर्षरत्त है, लेकिन सरकार उनकी मांगों को पूरा करने की बजाए लगातार उनके साथ वायदा खिलाफी कर रही है, जिसके चलते अब बिजली कर्मचारियों में सरकार की कार्यप्रणाली के खिलाफ रोष है। उन्होंने कहा कि उन्होंने कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे 20 मई को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल में बढ़-चढक़र भाग ले तथा अपनी एकता का परिचय दे, ताकि उनकी मांगें पूरी किए जाने को लेकर सरकार पर दबाव बनाया जा सकें। इस अवसर पर सर्कल सचिव अशोक गोयत, सिटी यूनिट प्रधान रविंद्र दिनोद, सुखबीर, धीरज शर्मा, अनिल एएफएम, पुनीत एलडीसी, अनिल बामला, जसबीर, विनोद, अजीत कुमार ने भी संबोधित करते हुए कहा कि बिजली कर्मचारी पुरानी पेंशन बहाली, नीजिकरण पर रोक, ठेका प्रथा खत्म करने, रिटायर कर्मचारियों को 8वें वेतन आयोग के लाभ वंचित करने आदि मांगों को लेकर संघर्षरत्त है।

## मानवता सबसे बड़ी सेवा: उपायुक्त

- रेडक्रॉस गतिविधियां युवाओं में सेवा भावना और मानवीय मूल्यों को करती है प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

विश्व रेडक्रॉस दिवस के उपलक्ष्य में रेडक्रॉस भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त महावीर कौशिक ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उपायुक्त ने रेडक्रॉस संस्थापक हेनरी ड्यूनेन्ट के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान उपायुक्त ने बुजुर्गो को सहायक उपकरण, आर्थिक तौर पर कमजोर परिवार की महिलाओं को सैनटाइज किट भेंट की।

उपायुक्त कौशिक ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि विश्व रेडक्रॉस दिवस समाज में सहयोग और संवेदना का संदेश देता है। रेडक्रॉस गतिविधियां युवा पीढ़ी में सेवा भावना और मानवीय मूल्यों को प्रोत्साहित करती हैं। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस के जन्मदाता तथा महान मानवतावादी हेनरी ड्यूनेन्ट की जयंती पर आठ मई को दुनिया भर में विश्व रेडक्रॉस दिवस मनाया जाता है। इसी कड़ी में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ के निर्देशानुसार जिला रेडक्रॉस सोसायटी भिवानी में भी विश्व रेडक्रॉस दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। यह दिन हमें यह याद दिलाता है कि मानवता सबसे बड़ी सेवा है।



भिवानी। आयोजित कार्यक्रम उपायुक्त को स्मृति चिंह देकर सम्मानित करते हुए।

## ऑपरेशन सिंदूर जैसे अभियान जारी रखें : सूबेदार मेजर बिरेंद्र

**भिवानी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आतंकवाद के खिलाफ अपनी जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर जैसे अभियान को जारी रखना चाहिए। आतंकवाद का सफाया ही सरकार का सेना व सरकार का लक्ष्य होना चाहिए, ताकि पुलवामा व पहलगाम जैसी घटनाएं दोबारा न हो, ये बात वेटरन संगठन के प्रधान सूबेदार मेजर बिरेंद्र सिंह ग्रेवाल ने जारी ब्यान में कही। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने जिस प्रकार से ऑपरेशन सिंदूर को अमलीजामा पहनाया है, ऐसे अभियान तब तक जारी रहने चाहिए, तब तक देश से आतंकवाद का पूरी तरह से सफाया न हो जाए।

## लंबित शिकायतों पर संज्ञान लें

- समाधान शिविर में शिकायत सुनते हुए डीसी ने अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

उपायुक्त महावीर कौशिक ने कहा कि समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों पर अधिकारी स्वयं संज्ञान लें और लंबित शिकायतों का शीघ्र निपटारा करें। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी स्वयं समाधान शिविरों की समीक्षा करते हैं। समाधान शिविरों से प्रशासनिक पारदर्शिता और अधिक बढ़ी है। अधिकारियों को नागरिकों की उम्मीदों पर खरा उतरना है।

उपायुक्त कौशिक वीरवार को लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में आयोजित समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी विभाग यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पुरानी शिकायत लंबित न रहे। उन्होंने निर्देश दिए कि समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध, संतोषजनक और गुणवत्तापूर्ण समाधान प्राथमिकता पर किया जाए। उपायुक्त कौशिक के समक्ष जिलावासी भीम सिंह, सुरेन्द्र, सोनू, आत्मप्रकाश, राजेन्द्र, गंगाचरण, राकेश व अजय ने परिवार पहचान पत्र से संबंधित समस्या रखी। इसी प्रकार से बवानी खेड़ा निवासी सतपाल ने गली से अवैध कब्जा हटवाने बारे, निर्मला ने बुढ़ापा पेंशन बनवाने बारे शिकायत रखी।

#### निशानदेही कर अवैध कब्जे हटवाएं

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जमीन की पैमाइश व निशानदेही कर अवैध कब्जे शीघ्र हटवाने का काम करें। इसके लिए ड्यूटी मैजिस्ट्रेट नियुक्त करवाएं। उन्होंने कहा कि आम रास्तों में अवैध कब्जा या अतिक्रमण नहीं होना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने परिवार पहचान पत्र से संबंधित त्रुटियों को दुरूस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी समस्याओं के समाधान में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरतें। इस दौरान एडीसी डॉ. मुनीष नागपाल, नगराधीश अनिल कुमार, डीडीपीओ आशीष मान, टीएम भरत सिंह परमार, गैर सरकारी सदस्य रामकिशन हालुवासिया आदि मौजूद रहे।

## भाजपा ने एचकेआरएन कर्मचारियों को बनाया बेरोजगार : बागड़ी

- मंत्री श्रुति चौधरी के निवास पर होने वाले प्रदर्शन में बढ़-चढक़र भाग लेंगे कर्मचारी : विनोद

**भिवानी।** हांसी रोड स्थित बीएंडआर यूनियन कार्यालय में वीरवार को हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन रजिस्टर नंबर-41 मुख्यालय चरखी दादरी संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की बीएंडआर ब्रांच की मीटिंग आयोजित हुई। मीटिंग की अध्यक्षता जिला प्रधान अनिल कुमार बागड़ी ने की तथा मंच का संचालन ब्रांच सचिव सुमित रंगा ने किया। इस दौरान 11 व 12 मई को सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी के भिवानी निवास पर होने वाले प्रदर्शन में कर्मचारियों से बढ़-चढक़र भाग लेने का आह्वान किया गया। मीटिंग को संबोधित करते हुए जिला प्रधान अनिल बागड़ी व जिला कोषाध्यक्ष विनोद तंवर ने कहा कि भाजपा सरकार कर्मचारियों के साथ वैरभाव की नीति अपनाएं हुए है, जिसके चलते बार-बार कर्मचारी विरोध नीतियां लागू कर उन्हे परेशान कर रही है। यही नहीं कई बार सरकार को अवगत करवाने के बावजूद भी उनकी मांगों के समाधान की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा।



## भजनों पर झूम उठे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

कृपा सांवरे की परिवार भिवानी द्वारा दिनोद गेट स्थित खाकी बाबा रामचरित मानस मंदिर में श्रीश्याम मनुहार कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कृपा सांवरे की परिवार के प्रधान मनीष गोयल ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन परमपूज्य महंत रामकृपा दास महाराज के सान्निध्य में हुआ। इस दौरान दिल्ली से कलाकार प्रेरणा मित्तल व छोटी काशी से गौरव अग्रवाल पहुंचे तथा बाबा श्रीश्याम की महिमा का गुणगान किया।

भजन संध्या में गायकों एक से बढ़कर एक भक्तिमय प्रस्तुति दी। खाटू वाला मेरा श्याम, जो मांगे वो दे देता है मेरा श्याम जैसे भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे और भावविभोर होकर बाबा श्याम के जयकारे लगाए। श्रद्धा एवं भक्ति से ओतप्रोत आयोजन में अनेक श्रद्धालु उमड़े, जहां श्याम भजनों की मधुर स्वर लहरियों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम श्रीश्याम भक्तों के लिए आत्मिक अनुभव प्रदान करने हेतु आयोजित किया गया है। मंच को पुष्पों और लाइटिंग से सुसज्जित किया गया था, जिससे कार्यक्रम की भव्यता और बढ़ गई। कार्यक्रम का समापन बाबा श्रीश्याम की आरती और प्रसाद वितरण के साथ हुआ। इस अवसर पर अधिवक गणेश गोयल, वेदप्रकाश, मनीष गोयल, तरूण जसूजा, जोनी, तरूण सनेजा, विनोद गोयल, संदीप, राकेश कुमार, विकास मंगल आदि मौजूद रहे।



## देवसर के स्कूल में विद्यार्थियों को दिलवाई नशे से दूर रहने की शपथ

- युवाओं को बर्बादी के अंधकार में धकेलता है नशा : चरणदास

**भिवानी।** नशामुक्त समाज के स्वप्न को पूरा करने के उद्देश्य से युवा जागृति एवं जनकल्याण मिशन ट्रस्ट ने नशामुक्त संकल्प अभियान की शुरूआत की है।

हनुमान जोहड़ी मंदिर के महंत बालयोगी चरणदास महाराज के सान्निध्य में अभियान के तहत गांवों में विभिन्न शिक्षण संस्थानों व सार्वजनिक स्थानों पर पहुंचकर विद्यार्थियों व अन्य लोगों को नशे के दुष्प्रभाव बताकर उन्हें नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया जा रहा हैं। इसी कड़ी में वीरवार को गांव देवसर स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों को नशा जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहने का संकल्प दिलवाया। नशे के दुष्प्रभाव बताते हुए बालयोगी महंत चरणदास महाराज ने कहा कि नशे जैसी सामजिक बुराई को समाज से खत्म करना बहुत जरूरी है, क्योंकि ये सामाजिक बुराई युवाओं को धीरे-धीरे बर्बादी के अंधकार में ले जाती है। देश के स्वर्णिम भविष्य के लिए जरूरी है कि प्रत्येक जन विशेषकर युवाओं को नशा से दूरी बनानी होगी।



भिवानी। विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलवाती शिक्षिका।

## गोरक्षा दल ने यिा मानवता का परिचय

- बेसहारा घूम रही मानसिक रूप से अस्थिर महिला को पुलिस की मदद से दिलाया आश्रय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

जहां एक तरफ समाज में नकारात्मक घटनाएं आए दिन सुर्खियां बनती हैं, वही कुछ लोग ऐसे भी हैं, जो अपने कार्यों से इंसानियत की मिसाल पेश करते हैं। ऐसा ही गौरक्षा दल भिवानी ने एक बार फिर से पेश किया है। जिन्होंने सडक़ पर बेसहारा घूम रही मानसिक रूप से अस्थिर महिला को पुलिस की मदद से अपना घर आश्रम में भेजा तथा समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्व को निभाया। जिसके बाद बेसहारा महिला को आश्रय मिला।

गौरक्षा दल भिवानी के प्रधान संजय परमार ने बताया कि उन्हे बीती रात सूचना मिली थी कि ढ़ाणा रोड़ पर पुल के बीचो-बीच एक महिला घूम रही है, जो कि मानसिक रूप से अस्थिर भी लग रही है। जिसके बाद उन्होंने तुरंत प्रभाव से अपनी टीम के सदस्यों को वहां भेजा तथा पुलिस अधीक्षक को मामले की सूचना दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने औद्योगिक क्षेत्र थाना के एसएचओ को जांच के आदेश दिए तथा एसपी के निर्देश पर मात्र 10 मिनट में एसएचओ वहां पहुंचे।

#### वीडियो पुलिस अधीक्षक को भेजा

गौरक्षा दल भिवानी के प्रधान संजय परमार ने बताया कि यदि उक्त महिला को रात में रोड़ पर भटकने के लिए छोड़ दिया जाता तो उसके साथ कोई भी अनहोनि घटना घट सकती थी। इसीलिए उन्होंने सीधे पुलिस अधीक्षक को मामले की जानकारी दी तथा उक्त महिला से की बातचीत व हालात दर्शाते हुए का वीडियो पुलिस अधीक्षक को भेजा, जिसके बाद एसपी ने मामले की गंभीरता को समझा तथा तुरंत एक्शन लिया। संजय परमार ने बताया कि गौरक्षा दल भिवानी ने गाय व अन्य जानवरों की सेवा के साथ-साथ अब मानव सेवा का बीड़ा भी उठाया है तथा इसी अभियान के तहत उन्होंने उक्त महिला की मदद की। परमार ने कहा कि उनका उद्देश्य सिर्फ गौ रक्षा तक सीमित नहीं, बल्कि प्रत्येक जरूरतमंदों की सहायता करना भी उनके सेवा भाव का हिस्सा है। ऐसे में वे नागरिकों से अपील करते है कि यदि उन्हे किसी जरूरतमंद को सहायता की जरूरत की सूचना मिले तो वे गौरक्षा दल भिवानी का सूचित करें।

श्रीमद्भगवत कथा | पाकिस्तान की मिट्टी में पैदा होते आतंकवादी : धर्मवीर

## गाय न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बल्कि औषधीय दृष्टि से भी लाभकारी

### भारत शांति प्रिय देश, लेकिन सुरक्षा से नहीं करता समझौता: सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

सांसद धर्मवीर सिंह ने न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भगवत कथा के दौरान गौमाता के महत्व और सर्जिकल स्ट्राइक को लेकर महत्वपूर्ण विचार व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि कथाओं के माध्यम से हमें जीवन के गहरे संदेश मिलते हैं और प्रकृति से ऊपर कुछ भी नहीं है। उन्होंने गौ माता की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गाय न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि स्वास्थ्य और औषधीय दृष्टि से भी अत्यंत लाभकारी है। गाय का गोबर और गोमूत्र अनेक प्रकार की औषधियों से युक्त होते हैं, जो कई गंभीर रोगों से बचाव और इलाज में सहायक होते हैं। उन्होंने कहा कि वे स्वयं कई वर्षों से अनुभव को सांझा कर रहे हैं कि हर घर में एक गाय होनी चाहिए, क्योंकि इससे पारिवारिक और सामाजिक लाभ होते हैं। सांसद धर्मवीर सिंह ने देश की सेना द्वारा की गई सर्जिकल स्ट्राइक का समर्थन किया और कहा कि पाकिस्तान की धरती पर आतंकवाद फल-फूल रहा है।उन्होंने प्रधानमंत्री के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि भारत ने सर्जिकल स्ट्राइक के जरिए आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाया, लेकिन इसमें आम नागरिकों को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया गया।



भिवानी। श्रीमद्भागवत कथा सुनते सांसद धर्मबीर सिंह व अन्य श्रद्धालु।

#### भारत की सेना सक्षम और संवेदनशील

धर्मवीर सिंह ने कहा कि भारत की सेना सक्षम और संवेदनशील है, जो दुश्मन को करारा जवाब देने के साथ-साथ आमजन के जीवन की रक्षा करना भी जानती है। इस अवसर पर हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. पवन शर्मा, चौधरी बंसीलाल यूनिवर्सिटी रजिस्टार भावना शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष भारद्वाज ने श्रीमद्भागवत कथा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हर घर में ऐसे आध्यात्मिक, धार्मिक कार्यक्रम में होंगे तो संस्कार और संस्कृति मजबूत होंगे। इस अवसर पर कथा संयोजक रामअवतार शर्मा, दिल्ली से डॉ. हर्षा, मुख्य यजमान महेश सरपंच, सोनीपत से रविन्द्र कुमार, आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



बवानीखेड़ा। बाबा सोमवार पुरी कुटिया के महंत बाबा कैलाश गिरी द्वारा धुनी लगाकर तपस्या करते हुए।

### धुनी तपस्या से दे रहे सुख शांति समृद्धि का संदेश

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा में चिलचिलाती गर्मी में शहर के बाबा सोमवारपुरी कुटिया के महंत बाबा कैलाशगिरी महाराज, डेरा बाबा जर्नानाथ धाम के महंत बाबा नरेश नाथ, खेड़ी रोड़ पर स्थित हनुमान मंदिर में बाबा शरवनगिरी, गुगा मैड़ी स्थित मंदिर में बाबा गोबिंददास जी महाराज द्वारा धुनी लगाकर तपस्या की जा रही है। तपस्या शहर व पूरे विश्व में सुख-शांति के लिए की जा रही है। वहीं लोगों का भी महंतों में विश्वास बढ़ रहा है। बाबा सोमवार पुरी कुटिया के महंत बाबा कैलाश गिरी महाराज की वे हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी तपस्या में लीन है ताकि कोई विपदा न आए और सभी खुशहाली भरा जीवन व्यतीत करें।

### मातृशक्ति उद्यमिता योजना से महिलाएं बनें आत्मनिर्भर

**भिवानी।** महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार द्वारा अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। इन योजनाओं में मातृशक्ति उद्यमिता योजना भी बड़ी ही महत्वाकांक्षी है। इस योजना का लाभ लेकर महिलाएं अपना काम शुरू कर स्वावलंबी बन सकती हैं। उपायुक्त महावीर कौशिक ने जरूरतमंद महिलाओं से इस योजना का लाभ उठाने की अपील की है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश सरकार ने हरियाणा महिला विकास निगम के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनकी आर्थिक व सामाजिक स्थिति में सुधार के लिए मातृशक्ति उद्यमिता योजना शुरू की है। जिसके तहत महिलाओं को बैंकों के माध्यम से पांच लाख रुपये तक के ऋण दिलवाने की व्यवस्था की गई है। इस योजना के तहत महिलाएं विभिन्न प्रकार के व्यवसाय शुरू कर सकती हैं। समय पर किश्त अदा करने पर सरकार द्वारा महिलाओं को ब्याज पर सब्सिडी प्रदान की जाएगी। ऋण के लिए आवेदक के समय पर महिला उद्यमी की आयु 18 से 60 वर्ष के बीच होनी चाहिए। आवेदक पहले से लिए गए ऋण का डिफाल्टर नहीं होना चाहिए।

## 68वीं स्कूली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

# भीम स्टेडियम के मुक्केबाज लवसिंह ने मारा गोल्डन पंच, अमन ने जीता रजत



भिवानी। पदक विजेता खिलाड़ियों का स्वागत करते डीएसओ व कोच।

### शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य ही युवाओं के सुनहरे भविष्य की नींव: डीएसओ सतेंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

जब भी कभी प्रदेश, राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय स्तर की मुक्केबाजी प्रतियोगिता होती है तो उसमें मिनी क्यूबा के मुक्केबाज जरूर भागीदारी करते हुए अपने पंचों का दम दिखाने से नहीं चूकते, इसीलिए भिवानी को मिनी क्यूबा के नाम से जाना जाता है। यहां के मुक्केबाज विभिन्न प्रतियोगिताओं में भागीदारी कर न केवल भिवानी का नाम राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करते रहते है। इसी कड़ी में अब भीम स्टेडियम में मुक्केबाज प्रशिक्षक राहुल के देखरेख में अभ्यासरत मुक्केबाज गांव बापोड़ा निवासी के लव सिंह व गांव हरिपुर निवासी अमन ने 68वीं स्कूली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अंडर-19 आयुवर्ग में खेलते हुए क्रमशः स्वर्ण व रजत पदक हासिल किया। दोनों खिलाड़ी डीपीई दीपक चौधरी व डीपीई चीनू के नेतृत्व में दिल्ली में प्रतियोगिता में भाग लेने गए थे।

### 30 अप्रैल से 5 मई तक दिल्ली में हुई प्रतियोगिता

मुक्केबाज प्रशिक्षक राहुल ने बताया कि 30 अप्रैल से 5 मई तक दिल्ली के जीएम सिटी में हुई 68वीं स्कूली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में गांव बापोड़ा निवासी लव ने 60 से कम भारवर्ग में स्वर्ण तथा गांव हरिपुर निवासी अमन ने 52 से कम भारवर्ग में रजत पदक हासिल किया है। कोच राहुल ने कहा कि पदक विजेता खिलाड़ियों के सम्मान समारोह से खिलाड़ियों को सार्वजनिक रूप से पहचान एवं सम्मान मिलता है, जो उनके आत्मविश्वास को बढ़ाता है। खेल एक तरफ युवाओं को अनुशासन में रहना सिखाता है तो वहीं एकाग्रता के स्तर को भी बढ़ाता है, इसीलिए प्रत्येक युवाओं को खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। जिला खेल अधिकारी सतेंद्र कुमार ने कहा कि पहला सुख निरोगी काया तथा निरोगी काया प्राप्त करने के लिए खेल सर्वोत्तम अभ्यास है।

## कोच विजय के नेतृत्व में खिलाड़ी रवाना

- कोच विजय रोहिल्ला के नेतृत्व में देश को गोल्ड मेडल दिलाएंगे वेट लिफ्टिंग खिलाड़ी: विनोद
- चाईना के जिआंगशान में 6 से 16 मई तक करवाई जा रही वेट लिफ्टिंग सीनियर एशियन चैंपियनशिप



भिवानी निवासी कोच विजय कुमार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

चाईना के जिआंगशान में 6 से 16 मई तक आयोजित करवाई जा रही वेट लिफ्टिंग सीनियर एशियन चैंपियनशिप में भिवानी निवासी कोच विजय कुमार रोहिल्ला व कोच प्रमोद शर्मा के नेतृत्व में भारत देश का प्रतिनिधित्व करने दो खिलाड़ी चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए रवाना हुए है। यह जानकारी देते हुए भिवानी वेट लिफ्टिंग एसोसिएशन के सचिव विनोद कुमार प्रजापति ने बताया कि प्रतियोगिता में एयरफोर्स में तैनात पंजाब से दिलबाग सिंह तथा रेलवे में तैनात मणिपुर की निरूपमा देवी देश का प्रतिनिधित्व करेंगे तथा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। विनोद प्रजापति ने बताया कि ये दोनों खिलाड़ी भिवानी निवासी कोच विजय कुमार रोहिल्ला व कोच प्रमोद शर्मा के मार्गदर्शन में चैंपियनशिप में भाग ले रहे है। कोच कोच विजय कुमार रोहिल्ला को मिली उपलब्धि पर भिवानी वेट लिफ्टिंग एसोसिएशन में खुश का माहौल है। विनोद प्रजापति ने कहा कि विजय कुमार रोहिल्ला के नेतृत्व में पहले भी बहुत से खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में देश को पदक दिलाने का काम किया तथा उन्हें पूरा विश्वास है कि कोच विजय रोहिल्ला के नेतृत्व में वेट लिफ्टिंग खिलाड़ी दिलबाग सिंह व निरूपमा देश को गोल्ड दिलाकर एक बार फिर से विश्व स्तर पर भारत का नाम रोशन करेंगे।

## चंद सैकेंड में पगड़ी पहनाने में महारत है हरिकेश को

- हरियाणवी संस्कृति को ऊंचा उठाने में नहीं छोड़ रहे कोई कसर
- मुंबई में आयोजित वेव्स में छाया पपोसा का छोरा

दीपक कुमार डुमड़ा ⏭ बवानीखेड़ा

कहते है कि पुत के पांव पालने में ही नजर आने लगते हैं। ऐसा ही एक नाम है बवानी खेड़ा खंड के अंतर्गत आने वाले गांव के हरिकेश पपोसा का। जिन्होंने पूरी दुनिया में अपनी प्रतिभा के दमखम पर डंका बजाया हुआ है और हरियाणवी संस्कृति को बचाने का काम किया हुए है। मुंबई में आयोजित वेव्स कार्यक्रम में जिसमें जिओ वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित प्रथम इंटरनेशनल ऑडियो विजुअल और एंटरटेनमेंट सम्मिट 2025 में दुनिया की ऑडियो विजुअल की जुड़ी प्रसिद्ध कम्पनी व भारत के विभिन्न प्रदेशों ने भाग लिया। हरियाणा सरकार द्वारा हरियाणा पवेलियन स्थापित किया हुआ था। हरियाणा कला एवं सांस्कृतिक विभाग के सौजन्य से हरिकेश पपोसा को प्रतिभागिता करने का मौका मिला। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय धरोहर से दादी माँ को डॉ. हरविंद्र राणा नेतृत्व में स्थापित किया जो हरियाणा पवेलियन की शान बनी। कला एवं सांस्कृतिक विभाग हरियाणा के उपनिदेशक डॉ. पवन तोमर के नेतृत्व में हरियाणवी लोक कला के माध्यम से मेहमानों का लाइव स्वागत किया।



बवानीखेड़ा। मुंबई में आयोजित वेव्स कार्यक्रम में फिल्मी हस्तियों के साथ में गांव पपोसा के हरिकेश पपोसा। फाइल फोटो।

### हरियाणवी का बोलबाला दिग्गज रहे मौजूद

हरिकेश पपोसा ने विदेशी व अन्य भारतीयों का पगड़ी से स्वागत किया। कार्यक्रम.में मुकेश अंबानी, नीता अंबानी, अक्षय कुमार, हेमामालनी, मिथुन चक्रवती, दीपिका पादुकोण, शारुख खान आमिर खान, अनुपम खेर, नवाजुदीन सिद्क्की के साथ फिल्मी जगत के सितारे मौजूद रहे प्रिंसिपल सेक्रेटरी डॉ. राजेश खुलर, सीनियर आईएएस विवेक कालिया, महानिदेशक जनरल सूचना जनसंपर्क ट कला एवं सांस्कृतिक विभाग केएम पांडुरंग मौजूद रहे और सभी ने हरिकेश पपोसा के कार्य की सराहना की।

### हरिकेश ने जताया आभार

बवानी खेड़ा खंड के अंतर्गत आने वाले गांव पपोसा में जन्मे कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कर्मचारी हरिकेश पपोसा ने मुख्यमत्री नायब सिंह, कला एवं सांस्कृतिक विभाग हरियाणा, उपनिदेशक डॉ. पवन तोमर, अधिकारी ह्दय कौशल के साथ कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा, प्रो. सुनील ढींगरा, प्रो. विवेक चावला निदेशक युवा सांस्कृतिक विभाग का आभार जताया।

## स्टूडेंट ऑफ द मंथ अवार्ड से नवाजा

- विद्यार्थियों को उत्कृष्टता प्राप्त के लिए प्रेरित करने का उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

बीआर आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल बिरहीकलां में आयोजित स्टूडेंट ऑफ द मंथ सम्मान समारोह का आयोजन किया,जिसमें विद्यार्थियों को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों के लिए प्रोत्साहित किया। इस पहल का उद्देश्य छात्रों को कड़ी मेहनत करने और अपने संबंधित क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करना है। प्रत्येक कक्षा से एक छात्र को महीनेभर के प्रदर्शन, उपस्थिति, व्यवहार और विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के आधार पर अप्रैल महीने का 'स्टूडेंट ऑफ द मंथ' चुना गया। प्राचार्य और शिक्षकों ने मिलकर इन छात्रों का चयन किया। इस गतिविधि में कक्षा पहली से खुशी, दूसरी से अवनि, तीसरी से परिणीति, चौथी से स्नेहा, पांचवी से गौरव, छठी से हितेश, सातवीं से रितिका, आठवीं से मीनू, नौवीं से नकुल, 10वीं से दीक्षा, 12वीं साइंस से मुस्कान व 12वीं आर्ट से अनुजा ने 'स्टूडेंट ऑफ़ द मंथ' का अवार्ड जीता।



चरखी दादरी। विद्यार्थियों को सम्मानित करते प्राचार्य। फोटो : हरिभूमि

## खिलाड़ियों को दिलाई नशे से दूर रहने की शपथ

- खिलाड़ियों की क्षमता के आधार पर चयन के लिए ट्रायल कैंप महत्वपूर्ण : डॉ . शकुंतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

प्रो कबड्डी की तर्ज पर महिला कबड्डी खिलाड़ियों की भी अलग पहचान स्थापित करने के उद्देश्य महिला कबड्डी लीग द्वारा गांव निमड़ीवाली स्थित एमडी पॉलीटैक्नीक स्कूल व कॉलेज में आयोजित करवाए जा रहे 10 दिवसीय ट्रायल कैंप 8वें दिन वीरवार को भी जारी रहा। इस दौरान बतौर मुख्यतिथि एमडी यूनिवर्सिअी के स्पोर्ट्स डायरेक्टर डॉ. शकुंतला बेनिवाल, सीबीएलयू स्पोर्ट्स डायरेक्टर सुरेश मलिक, इंडिया खो-खो टीम कोच डॉ. मुन्नी जून, डॉ. सुरजीत नीमा व सीमा कादयान ने शिरकत की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला कबड्डी लीग की चेयरपर्सन डॉ. सीमा ने की तथा मंच संचालन सतीश आर्य ने किया। इस मौके पर एमडी कॉलेज निमड़ीवाली से मैनेजिंग डायरेक्टर प्रतिभा सांगवान भी विशेष तौर पर मौजूद रही। इस मौके पर अतिथि व आयोजकों ने उपस्थित सभी को नशे से दूर रहने की शपथ दिलवाई। अतिथियों ने कहा कि खिलाड़ियों के लिए ट्रायल कैंप बहुत ही महत्वपूर्ण माना जाता है, क्योंकि इसके माध्यम से खिलाड़ियों की प्रतिभा, क्षमता की प्रतिभा एवं क्षमता को भी बढ़ावा देता है।



भिवानी। अतिथियों के साथ कबड्डी खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

### 450 खिलाड़ियों ने भाग लिया

ट्रायल कैंप की जानकारी देते हुए महिला कबड्डी लीग की चेयरपर्सन डॉ. सीमा ने कहा कि शिविर में देशभर से 450 के करीबन खिलाड़ी हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा के जौहर दिखा रहे है। ट्रायल कैंप के माध्यम से 8 टीमों का चयन किया जाएगा, जो सीनियर वर्ग की 59 मैच खेलेगी तथा राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। इस अवसर पर चीफ सिलेक्टर जयवीर सिंह ढाका, लीग एडवाईजर डॉ. भूपेंद्र, डब्ल्यूकेएल डायरेक्टर सुरेंद्र कुमार ढ़ाका व अमित जाखड़, मास्टर योगेश कांटीवाल, पूर्व सरपंच मानहेरू जितेंद्र कौशिक, एएसआई प्रदीप, नरेंद्र फौजी, विजेश कुमाररमन, कबड्डी कोच धीरज पिलानिया, कबड्डी कोच मुकेश, रविता फौजदार, शबनम सैनी, पिंकी डीपीई आदि मौजूद रहे।

## जिला प्रभारी ऋषिपाल ने अजय चौटाला से की मुलाकात



**चरखी दादरी।** जननायक जनता पार्टी के नवनियुक्त जिला प्रभारी ऋषिपाल उमरवास ने पार्टी संस्थापक एवं वरिष्ठ नेता डॉ. अजय सिंह चौटाला से शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने जिला प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपने के लिए आभार प्रकट किया। जिला प्रभारी ऋषिपाल ने कहा कि वे पार्टी नेतृत्व की उम्मीदों पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि वे संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के लिए दिन-रात मेहनत करेंगे और कार्यकर्ताओं के साथ तालमेल बनाकर पार्टी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे। अजय सिंह चौटाला ने उन्हें बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि ऋषिपाल अपने अनुभव और कार्यकुशलता से संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे। इस दौरान उन्होंने संगठनात्मक जिम्मेदारियों के साथ जनसंपर्क को प्राथमिकता देने का संकल्प लिया। ऋषिपाल ने बताया कि वे जिले के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में कार्यकर्ताओं से संपर्क स्थापित कर पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

## झेलम सदन से कक्षा 12वीं के विद्यार्थी अदम्य प्रताप सिंह प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में प्राचार्या डॉक्टर निर्मला नीतू के मार्गदर्शन में शिक्षण गतिविधियों के अंतर्गत इंटर हाउस एक्सटेम्प्री कम्पीटिशन का आयोजन सफलतापूर्वक हुआ। प्रतियोगिता में विद्यालय के चारों सदन गंगा सदन, यमुना सदन, सतलुज सदन और झेलम सदन से कक्षा नौवीं से बारहवीं के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभागिता की। वहीं झेलम सदन से कक्षा 12वीं के विद्यार्थी अदम्य प्रताप सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं गंगा सदन से कक्षा 12वीं की छात्रा ईशा ने द्वितीय, गंगा सदन से ही कक्षा नवमी की छात्रा सारण्यु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। झेलम सदन से कक्षा 11वीं की छात्रा रिदम ने प्रोत्साहन पुरस्कार प्राप्त किया। इस अवसर पर प्राचार्या डॉक्टर निर्मला नीतू ने बताया कि ऐसी गतिविधियों से विद्यार्थियों में सहयोग, सकारात्मकता और आत्मविश्वास की भावना का विकास होता है, जिससे व्यक्तित्व में निखार आता है।



भिवानी। प्राचार्या डॉ . निर्मला नीतू व शिक्षिकाओं के साथ विजेता विद्यार्थी।

## पहलगाम में पर्यटकों की हत्या का बदला हैं ऑपरेशन सिंदूर: विजेंद्र

- आतंक के खिलाफ मोदी सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति: वाईस चेयरमैन

**भिवानी।** हरियाणा अनुसूचित जाति आयोग के वाईस चेयरमैन विजेंद्र बड़गुज्जर ने कहा कि भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर चलाकर 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों द्वारा की गई निहत्थे हिंदु पयर्टकों की नृशंस हत्याओं का प्रतिकार लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने वायदे को पूरा किया है। तीनों सेनाओं की संयुक्त कार्रवाई पर उन्हें को शत-शत बधाई एवं शुभकामनाएं। बड़गुज्जर ने कहा कि कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के सशक्त नेतृत्व में भारतीय सेना ने पाकिस्तान के नौ आतंकवादी ठिकानों पर एयर स्ट्राईक कर 100 से अधिक आतंकवादियों को मार गिराया। उन्होंने बताया कि 25 मिनट के ऑप्रेशन में 24 मिसाईलों के जरिए आतंकी शिविरों को ध्वस्त किया गया, ये वो आतंकी ठिकाने थे, जहां आतंकियों को भारत में दहशत फैलाने और हथियार चलाने की ट्रेनिंग दी जाती थी। उन्होंने कहा कि केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार के गठन के समय से ही आतंक के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति रही है।



चरखी दादरी। डॉ सुनील सनसनवाल को सम्मानित करते गणमान्य नागरिक। फोटो : हरिभूमि

## डॉ. सुनील आयुर्वेद में अहम योगदान के लिए सम्मानित

**चरखी दादरी।** आगरा में आयोजित इंटरनेशनल आयुष कॉन्क्लेव में देश-विदेश के 150 से अधिक आयुष चिकित्सकों को उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। हरियाणा राज्य से दादरी जिले के गांव काकड़ौली हट्टी निवासी डॉ. सुनील सनसनवाल को सम्मेलन में आयुष प्रतिभा पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। सम्मान प्राप्त करने के बाद जब डॉ. सनसनवाल दादरी लौटे तो भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष मनबीर चौधरी, युवा मोर्चा, बजरंग दल, गौ रक्षा समिति के कार्यकर्ताओं सहित जिले के अन्य गणमान्य नागरिकों ने उनका भव्य स्वागत एवं सम्मान किया। मनबीर चौधरी ने कहा कि डॉ. सुनील आयुर्वेद के क्षेत्र में प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि आयुर्वेद की ओर लौटना होगा ताकि लंबा और निरोगी जीवन जिया जा सके। मनबीर चौधरी ने कहा कि यह उपलब्धि न केवल डॉ. सुनील की व्यक्तिगत सफलता नहीं है, बल्कि पूरे हरियाणा और विशेषकर दादरी जिले के लिए प्रेरणास्त्रोत बन गई है। सम्मेलन में अपने विचार सांझा करते हुए डॉ. सुनील ने कहा कि भारत को आयुष के माध्यम से विश्व गुरु बनने से कोई नहीं रोक सकता।

## बूस्टर की स्टोरेज बढ़ाने की मांग को लेकर नारेबाजी

# वार्ड की कॉलोनियों मे पेयजल की किल्लत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

बढ़ती गर्मी के साथ-साथ पेजयल की समस्या भी दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है, जिसकारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वार्ड नंबर-19 की विभिन्न कॉलोनियों में इन दिनों पेयजल की भारी किल्लत बनी हुई है, जिसका मुख्य कारण इन क्षेत्रों में सप्लाई किए जाने पानी के बूस्टर की स्टोरेज क्षमता का कम होना है, ऐसे में बूस्टर स्टोरेज की क्षमता बढ़ाए जाने की मांग को लेकर वीरवार को क्षेत्रवासियों ने पार्षद शिवकुमार गोठवाल के नेतृत्व में वार्ड नंबर-19 में स्थित दुर्गा बूस्टर के समक्ष नारेबाजी करते हुए कही। पार्षद शिवकुमार गोठवाल ने बताया कि वार्ड नंबर-19 में दुर्गा बूस्टर के नाम से बूस्टर है, जिसकी स्टोरेज क्षमता बहुत कम है, लेकिन इस बूस्टर से सेवानगर, एमसी कॉलोनी, दुर्गा कॉलोनी, बृजवासी कॉलोनी, संजीव कॉलोनी, शिव कॉलोनी तक इसका पानी जाता है, जिसकारण सभी लोगों को समुचित मात्रा में पानी नहीं मिल पाता। यहीं नहीं बूस्टर में मोटर भी सिंगल है, जिस कारण पानी पूरे प्रेशर से सप्लाई नहीं हो पाता।



भिवानी। पेयजल किल्लत को लेकर एकत्रित पार्षद शिवकुमार व वार्ड की महिलाएं।

### सकारात्मक रुख नहीं

पार्षद गोठवाल ने कहा कि उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों से नई मोटर लगवाने की मांग की, जिस मांग के प्रति अधिकारियों का सकारात्मक रूख नहीं दिखा तथा बजट न होने की बात भी गोलमोल कर गए। इसके बाद सांसद धर्मबीर सिंह भी मिले तथा बूस्टर स्टोरेज की क्षमता बढ़ाने व अन्य मोटर लगवाने की मांग की, लेकिन उन्हें सिर्फ आश्वासन ही मिला। पार्षद ने कहा कि स्टोरेज क्षमता व सिंगल मोटर होने की वजह से प्रत्येक घर तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है, जिसकारण वार्ड नंबर-19 में पेयजल को लेकर त्राहि-त्राहि मची हुई है।

शिक्षा संस्कार चरित्र निर्माण
कोचिंग के क्षेत्र का बड़ा नाम.....
आर्यन कोचिंग सैन्टर
'विश्वास का दूसरा नाम'
नये बैच शुरू | 12th के बाद नौकरी-कॉमन बैच
C.E.T. | रेलवे
CUET | अग्निवीर
S.S.C. | Delhi Police
अनुभवी अध्यापक | नोटस पैकेज | शानदार रिजल्ट
पता : पारस वाली गली, नजदीक बस स्टैण्ड, च. दादरी
9050035973, 9812611926